

“लोग चाहे मुट्ठी भर हों, लेकिन संकल्पवान हों, अपने लक्ष्य में दृढ़ आस्था हो, वे इतिहास को भी बदल सकते हैं।
-महात्मा गांधी

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■वर्ष : 33 ■अंक : 32 ■मूल्य : रु. 2.00 ■पृष्ठ : 08 जयपुर, मंगलवार, 01 अगस्त, 2023 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

तीन जिलों में तेज... 8

सीमा सन्देश
जयपुर, मंगलवार 01 अगस्त 2023

हवा में अधिकतम आर्द्रता
सुबह 87 %
सांय 85 %

अधिकतम तापमान सीकर
31.4°
न्यूनतम तापमान
26.1°

शेखावाटी सन्देश

उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी में सीएसआईआर ने जीता 'सर्वश्रेष्ठ सूचनाप्रद स्टॉल' का पुरस्कार

- उदयपुर के सांसद अर्जुन लाल मीणा ने किया सम्मानित

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान के उदयपुर में आयोजित 'उज्ज्वल राजस्थान प्रदर्शनी' में सीएसआईआर ने 'सर्वश्रेष्ठ सूचनाप्रद स्टॉल' का पुरस्कार जीता। 25 से 27 जुलाई 2023 के दौरान आयोजित तीन-दिवसीय प्रदर्शनी में सीएसआईआर के स्टॉल को जानकारी देने वाले सर्वश्रेष्ठ स्टॉल के रूप में सराहना मिली। प्रदर्शनी में आने वाले विद्यार्थियों अतिथियों एवं अन्य आगंतुकों ने सीएसआईआर प्रयोगशालाओं द्वारा जनहित में किए जा रहे शोध कार्यों की प्रशंसा की। समापन सत्र में उदयपुर के लोकसभा सांसद श्री अर्जुन लाल मीणा ने सीएसआईआर को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। सीरी के वैज्ञानिक डॉ विजय चटर्जी ने सीएसआईआर की ओर से यह ट्रॉफी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मीणा ने देश के विकास में सीएसआईआर के योगदान की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

गौरतलब है कि प्रदर्शनी में 50 से अधिक संस्थाओं एवं संगठनों ने प्रदर्शनी में अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में पिलानी स्थित सीएसआईआर-सीरी और भावनगर स्थित सीएसआईआर-सीएसएमसीआरआई ने सीएसआईआर का प्रतिनिधित्व किया। सीरी की ओर से दूध और शहद में मिलावट का पता लगाने के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिक पोस्टरों के माध्यम से सीरी की अन्य प्रौद्योगिकियों का भी प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शनी में संस्थान में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम शिल्प के अलावा विज्ञान गांव की ओर कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त सीएसआईआर-सीएमसीआरआई ने भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों के जनमानस को लाभान्वित करने के लिए विकसित नमक समुद्री एवं पर्यावरण हितैषी हरित रसायनों से संबंधित प्रौद्योगिकियों की जानकारी दी।